3. पिता जी को पैसे भेजने के लिए पत्र

गोसाईगंज, लखनऊ
15 अगस्त, 2015

आदरणीय पिता जी,

सादर चरण स्पर्श।

यहाँ पर हम सब कुशल से हैं। आशा करते हैं कि आप भी कुशलपूर्वक होंगे। आगे समाचार यह है कि फ़ीस जमा करने हेतु मुझे 1500 रुपए की आवश्यकता है। अत: आप मुझे शीघ्र रुपए भेजने की कृपा करें।

पत्रोत्तर की प्रतीक्षा में,

आपका पुत्र
अभिज्ञान।

1.

82. मित्र को उसके जन्मदिन पर शुभकामना पत्र लिखिए।

CLASS-III

बी-325
लॉरेंस रोड
केशवपुरम
दिल्ली-110035

दिनांक 20 दिसंबर 200...

प्रिय मित्र रवि

तुम्हारे जन्मदिन का निमंत्रण-पत्र मिला।

मैं तुम्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ कि वह तुम्हें स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु बनाए।

मैं माताजी की अस्वस्थता के कारण स्वयं तो उपस्थित नहीं हो पाऊँगा, पर अपने प्रेम का प्रतीक एक उपहार भिजवा रहा हूँ। आशा है तुम्हें पसंद आएगा।

एक बार पुन: जन्मदिन की हार्दिक बधाई।

तुम्हारा अभिन्न मित्र
राकेश

प्रधानाचार्य को आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिन्दी की पुस्तकों की संख्या बढ़ाने के लिए आवेदन करते हुए पत्र लिखो।

सेवा में
प्रधानाचार्य
सतिश चन्द्र मेमोरियल स्कूल
चाकदह, नदिया
दिनांक - 24 मई, 2021

विषय: अपने विद्यालय के पुस्तकालय में हिन्दी की पुस्तकों की संख्या बढ़ाने के लिए आवेदन पत्र।

महोदय,
सविनय निवेदन है कि मैं "पूरा नाम" आपके विद्यालय की कक्षा-चार, विभाग-'ख' का छात्र हूं। मैंने यह पत्र इस उद्देश्य से लिखा है कि हमारे पुस्तकालय में हिन्दी संबंधित पुस्तके एवं हिन्दी पत्र-पत्रिकाएं सीमित मात्रा में उपलब्ध है। जिससे हमें हिन्दी विषय की अतिरिक्त जानकारी नहीं मिल पा रही है।
अतः आपसे निवेदन है कि कृपया आप जल्द-से-जल्द हिन्दी विषय की अन्य पुस्तक एवं पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध कराने का प्रबंध करें।
सधन्यवाद!
आपका आज्ञाकारी छात्र
नाम -
कक्षा -
विभाग -